# कार्यालय

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मौहल्ला सिरसागढ़ पड़की, बम्बूगढ चौराहा/न्यू रोडवेज़ बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय
वाई पास रोड, अमरोहा-244221

पत्रांक 2906 / न्यूज कटिंग / 26 दिनांक 12/06/26

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
जनपद अमरोहा।

विषयः– **जनपद अमरोहा के दैनिक समाचार पत्र (दिनांक 12.06.2026) अमर उजाला में प्रकासित न्यूज के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला (12.06.2026) में प्रकासित न्यूज अधोहस्ताक्षरी को न्यूज पेपर के माध्यम से प्राप्त हुई है, के संदर्भ में खण्ड से सम्बन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेषित है–

**अद्यतन आख्या निम्नानुसार है–**

| **हैड लाइन** | **आख्या** |
|---|---|
| **"1.38 करोड़ रूपये खर्च होने के बाद भी नहीं मिल रहा पानी"** | ➢ वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत 495 नग पेयजल योजनाओं (राजस्व ग्राम 884) में 884 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 676 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br><br>➢ 493 नग ओ.एच.टी. के सापेक्ष 183 नग ओ.एच.टी. का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ जनपद में औसतन 95.43 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप बिछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को Permanent पुर्नस्थापित कर दिया जाता है।<br><br>➢ **सुनपुर कलां पेयजल योजना वि0ख0 गजरौला** के कार्य मैसर्स OMIL-JWIL (JV),NEW DELHI द्वारा कार्य कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य 90 प्रतिंशत पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, बाउड्रीवॉल का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन का कार्य 2.97 कि0मी0 के सापेक्ष 2.97 कि0मी0 पूर्ण व गृहजल संयोजन 477 नग के सापेक्ष 268 नग पूर्ण एवं रास्तों को पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है। उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि पेयजल योजना पर सौलर पैनल व वी.एफ. डी. एवं डी.जी. सैट चोरी होने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है। जिस |

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| | हेतु अधिशासी अभियन्ता वि0/या0 खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),मुरादाबाद द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। |

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार के पत्रांक W-11011/30/2021-JJM-1-DDWS दिनांक 16.10.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2028 तक विस्तारित कर दिया गया है, माह दिसम्बर 2027 तक धन की उपलब्धता के अनुसार कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।


1— मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2— अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।
3— मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद अमरोहा।
4— जिला सूचना अधिकारी, अमरोहा।
5— अधिशासी अभियन्ता, विद्युत यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद को इस अनुरोध के साथ कि प्रभावी अनुश्रवण कर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
6— सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जू0इं0।
7— मैसर्स OMIL-JWIL (JV),NEW DELHI को इस निर्देश के साथ किं उक्त योजना के समस्त कार्य पूर्ण कर पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner

# 1.38 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी नहीं मिल रहा पानी

## जंगल में बने ओवरहेड टैंक के निकट सोलर पैनल से प्लेट हो गई चोरी



गजरौला के गांव सुनपुरा कलां के जंगल में बना ओवरहेड टैंक। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

गजरौला। 137.87 लाख रुपये खर्च होने के बाद भी सुनपुरा कलां गांव के लोगों को पाइप लाइन से पेयजल मुहैया नहीं हो रहा है। अधूरा ओवरहेड टैंक बनाकर और पाइप लाइन बिछाकर सुध नहीं ली।

ग्रामीण हैंडपंप और सबमर्सिबल से अपनी प्यास बुझा रहे हैं। उधर गांव से करीब एक किमी दूर जंगल में बने ओवरहेड टैंक के निकट लगे सोलर पैनल से चोर प्लेट चोरी कर ले गए। सुनपुरा कलां गांव गंगा के खादर में बसा है। जिसकी आबादी करीब दस हजार है।

**मुद्दा**

गांव में प्रत्येक घर शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए जल जीवन मिशन ने ओवरहेड टैंक बनाने और पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू किया। गांव में ग्राम पंचायत की जमीन नहीं मिलने पर करीब एक किमी दूर खेतों में ओवरहेड टैंक बनाया। उससे खेतों की चकरोड़ किनारे पाइप लाइन बिछाकर गांव तक लाई गई।



पाइप लाइन बिछाते समय वादा किया गया था कि जल्द ही हर घर में पाइप लाइन से पानी पहुंचेगा, मगर वादे पूरे करने की बात दूर ओवरहेड टैंक का काम ही पूरा नहीं हुआ है। – फरजाना



पाइप लाइन से गांव में पानी न मिलने के कारण हैंडपंप और सबमिर्सबल से लोग अपने पेयजल की आपूर्ति कर रहे हैं। – जीनत



गांव की सड़क तोड़कर पाइप लाइन बिछाने के बाद किसी ने सुध नहीं ली। गांव के लोग ओवरहेड टैंक से पानी मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। – दिगार खान



गांव में इस समय पेयजल की किल्लत है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी गांव के लोग पेयजल आपूर्ति के लिए हैंडपंप और सबमर्सिबल पर निर्भर हैं। – मुजफ्फर अली

गांव के सभी गलियों की सीसी रोड को तोड़कर पाइप लाइन बिछाई गई। इस पर जल जीवन मिशन ने 137.87 लाख रुपयें खर्च किए। मगर इसके बाद भी गांव के लोगों को ओवरहेड टैंक से पानी नहीं मिल रहा है। जल जीवन मिशन के अधिकारियों ने अधूरे ओवरहेड टैंक की सुध भी नहीं ली। इस कारण अब उसके सोलर पैनल की प्लेट चोरों के निशाने पर हैं। एक प्लेट को चोरी कर ले गए हैं। ग्राम प्रधान नाजिम अली का कहना है कि गांव के लोगों को पाइप लाइन से पानी नहीं मिला। सड़क तोड़कर नुकसान कर दिया।

Scanned with CamScanner